संक्षिप्त समाचार

श्रीश्याम निशान यात्रा बाजें गाजे के साथ निकाली गई

फरेंदा -महाराजगंज।नगर पंचायत आनंदनगर के गोरखपुर -सोनौली राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित पावर हाउस के बगल में श्रीश्याम धाम मंदिर से निशान यात्रा गाजे बाजे के साथ निकाली गई। यात्रा फरेंदा कस्बे के प्रमुख चौराहे से होते हुए मंदिर पर पहुंच कर अखंड ज्योति पाठ ,भजन कीर्तन एवं प्रसाद वितरण के साथ सम्पन्न हुआ।इस दौरान मंदिर समिति के सचिव संजय टिबडेवाल ,परमात्मा अग्रहरि संरक्षक शिव कुमार अग्रवाल सहित मंदिर के पदाधिकारी एवं भारी संख्या में महिलाएं शामिल रही।

हाई टेंशन लाइन की चपेट में आकर युवक झुलसा

बहराइच। टीन सेट काटते समय एक युवक 11000 लाइन की चपेट में आकर झुलस गया। जिसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना थाना बौंडी की है। जहां थाना क्षेत्र के तिवारी पुरवा निवासी अशोक तिवारी 45 वर्ष टीन सेट को ड्रिल मशीन से काट रहा था। तभी वह हाई टेंशन लाइन की चपेट में आकर झुलस गया। उसकी हालत गंभीर हो गई।स्थानीय लोगों द्वारा पहले भी बिजली विभाग से तार नीचे होने की शिकायत की जा चुकी थी पर विभाग द्वारा कोई भी ध्यान नहीं दिया गया।

ट्रैक्टर ट्राली ने युवक को रौंदा मौत

बहराइच। तेज रफ्तार ट्रैक्टर ट्राली ने युवक को रौंद दिया। जिससे उसकी मौत हो गई । घटना थाना पखरपुर अंतर्गत खेमनीपुर की है । जहां फखरपुर के बीबियापुर का रहने वाला 40 वर्षीय लल्लू मजदूरी करके लौट रहा था । तभी तेज रफ्तार ट्रैक्टर ट्राली ने उसे रौंद दिया। जिससे उसकी दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

सराफा दुकान पर जीएसटी टीम की छापेमारी

बहराइच। शहर के चौक बाजार स्टील गंज तालाब स्थित पिंटू मिंटू ज्वेलर्स पर सोमवार शाम जीएसटी टीम का छापा पड़ा।छापे के चलते टीम द्वारा सारे अभिलेख और कर्मचारियों के मोबाइल अपने में कब्जे में लेकर जांच की जा रही थी। समाचार लिखे जाने तक जीएसटी टीम की छापेमारी जारी थी।

फुटबॉल में खेलो इंडिया सेंटर व हॉकी में स्टेडियम टीम विजेता

बहराइच। बहराइच महोत्सव अन्तर्गत आयोजित जिला स्तरीय बालक/बालिका व एथलेटिक्स, बैडमिन्टन,फुटबाल व हॉकी खेल प्रतियोगिता आज सम्पन्न हुई। समापन के मुख्य अतिथि जिला उपाध्यक्ष रणविजय सिंह रहे ।मुख्य अतिथि ने फुटबॉल हॉकी व बैटमिंटन के विजेता व उपविजेता खिलाड़ियो को पुरस्कार देकर सम्मनित किया। क्रीड़ा अधिकारी आनंद कुमार श्रीवास्तव ने मुख्य अतिथि को बुके देकर एवं बैज अलंकरण कर स्वागत किया।फुटबाल का फाइनल मुकाबला खेलो इडिया सेन्टर व स्टेडियम के मध्य खेला गया। रोमांचक मुकाबले में दोनो टीमे चार-चार के स्कोर पर बराबर रही। पेनाल्टी शूटआउट के जरिए खेलो इण्डिया टीम 5-4 से विजयी रही। हॉकी का फाइनल मुकाबला स्टेडियम बनाम डीएचए के मध्य खेला गया। जिसमें स्टेडियम ने डीएचए को 6-5 के अंतर से हराकर फाइनल मुकाबला जीत लिया।बैडमिन्टन बालक एकल वर्ग का फाइनल मुकाबला पृथ्वी सांस्कृत्यान व अनुतोष कमल के मध्य खेला गया जिसमें पृथ्वी सांस्कृत्यान ने 21-15 से मुकाबला जीत लिया।बालिका वर्ग में फाइनल मुकाबला अरीमा यादव हुआ तेजस्विनी के मध्य खेला गया जिसमें अरुणिमा यादव 21-17 से विजई रही। युगल वर्ग फाइनल मुकाबला पृथ्वी, राज्यवर्द्धन व अनुतोष व सोनू के मध्य खेला गया जिसमें पृथ्वी व राज्यवर्धन 2-1 से विजयी रहे।

धूमधाम से निकली खाटू श्याम निशान शोभा यात्रा

491 श्रद्धालुओं ने रुपईडीहा से निशान नानपारा श्याम मंदिर में किया अर्पित



रुपईडीहा, बहराइच।भारत नेपाल सीमा पर स्थितनगर पंचायत रुपईडीहा धर्मशाला से सुबह श्रद्धालुओं की निशान यात्रा खाटू श्याम धाम के लिए रवाना हुई। पैदल पद शोभा यात्रा में श्याम निशान यात्रा मारवाड़ी और कसौधन समाज ने बढ़ चढ़कर भाग लिया एवं सहयोग किया समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि सुबह 7 बजे रुपईडीहा कस्बे के स्थानीय धर्मशाला से 491 से अधिक निशान रहे इसमें 35 निशान चांदी के बताया गया है निशान शोभा यात्रा नेशनल हाईवे एन एच 927 के मार्ग से खाटू श्याम मंदिर नानपारा पहुंचें, जहां पर श्रद्धालु श्याम बाबा को सभी निशान अर्पित किया! खाटू श्याम पैदल पदयात्रा में अयोध्या धाम से चलकर आए रिंकी गुप्ता गौतम गुप्ता गौरव गुप्ता श्याम निशान लेकर रुपईडीहा से पैदल पद यात्रा में निशान लेकर नानपारा खाटू श्याम मंदिर पहुंच कर जहां उन्होंने निशान श्याम बाबा को नाचते गाते हुए अर्पित किया। इस पैदल शोभा यात्रा के शुभ अवसर पर नगर पंचायत रुपईडीहा के चेयरमैन डॉ. उमाशंकर वैश्य, प्रतिनिधि डॉक्टर अश्विनी कुमार वैश्य , निर्मला गुप्ता विष्णु गुप्ता कमल गुप्ता शुभम गुप्ता श्रीमती अनमोल गुप्ता माही गुप्ता रज्जू वैश्य पंखुड़ी गुप्ता रतन अग्रवाल, विजय कुमार मित्तल, राजीव अग्रवाल मनीष अग्रवाल अनिल अग्रवाल डब्बू संजय वर्मा केसरी प्रसाद सोनी गज्जू बृज नरेश श्रीवास्तव आरती दीक्षित कौशलेंद्र पांडेय अनूप अग्रवाल अन्नू अरविंद शुक्ला सुरेंद्र मद्धेशिया मनीराम शर्मा नीरज बर्नवाल अनिल वैश्य पूनम वैश्य संतोष वैश्य राजकुमार गुप्ता शिवम गुप्ता सौरभ गुप्ता नरेश मित्तल, बलराम मिश्रा कृष्ण मोहन सिंह कन्हैया वर्मा सहित समाजसेवी गणमान्य लोग हजारों की संख्या में उपस्थित रहे श्रद्धा और भक्ति का उमड़ा सैलाब निशान यात्रा में श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बनता था। हर वर्ष बड़ी आस्था और श्रद्धा के साथ रुपईडीहा से 20 किलोमीटर दूर स्थित श्याम बाबा के मंदिर में निशान अर्पित करेंगे इस दौरान थाना प्रभारी निरीक्षक दद्दन सिंह के दिशा निर्देश में में सुरक्षा व्यवस्था को चाक-चौबंद बनाए रखने के लिए उप निरीक्षक विजय कुमार के कुशल नेतृत्व पुलिस कर्मियों महिला उप निरीक्षक दल-बल के साथ तैनात रहे। महिला व पुरुष सुरक्षाकर्मी भी यात्रा के दौरान आदर्श थाना रुपईडीहा की सीमा तक पैदल चलकर सुरक्षा व्यवस्था के साथ सुरक्षित पहुंचाने का काम किया।

भागवत कथा में भगवान कृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन

बहराइच। बौंडी थाना क्षेत्र के पाठक पट्टी गांव में चल रही सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के छठवें दिन कथावाचक ने बाल लीला व गोवर्धन की कथा सुनाई। अयोध्या धाम से पधारे प्रेम मूर्ति युवा संत सर्वेश जी महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं की कथा सुनाते हुए बताया भगवान कृष्ण बचपन में अनेक लीलाएं की है,बाल कृष्ण सभी का मन मोह लिया करते थे नटखट स्वभाव के चलते यशोदा मईया के पास उनकी हर रोज शिकायतें आती रहती थी। आरती के बाद प्रसाद का वितरण हुआ। इस मौके पर आचार्य अरुण, अजय शुक्ल, अनुपम शास्त्री ,तबला वादक सुरेश, बैंजो वादक दिनेश, पैड वादक शत्रुघ्न प्रसाद मिश्रा उर्फ पप्पू, आर्गन वादक सरबजीत, यजमान सुरेंद्र तिवारी, मोहित तिवारी, अम्बरीष मिश्रा, नौशहरा प्रधान प्रतिनिधि सुरेश त्रिवेदी समेत सैकडो श्रोता मौजूद रहें।

बालक से कुकर्म के आरोपी को 20 वर्ष की सजा

बहराइच।नाबालिग बालक से कुकर्म में आरोपी को 20 वर्ष के कारावास और 20000 रुपये के अर्थदन्ड से दंडित किया गया है।न्यायालय पॉस्को दीप कान्त मणि की अदालत द्वारा आरोपी को सजा सुनायी गयी। मामला 17 अप्रैल 2016 का है जब आरोपी ने एक 07 वर्षीय नाबालिग बालक के साथ कुकर्म की घटना को अंजाम दिया था । नाबालिग बालक करीब 07 बजे मरकज आलम शहीद मस्जिद काजीपुरा से नमाज पढ़कर निकल रहा था कि वहां कार्यरत अजान देने वाला कर्मी मो जमाल पुत्र मो उमर जो मस्जिद में ही रहता था। पीड़ित को जबरन अपने कमरे में घसीट ले गया तथा अनैतिक रूप से दुष्कर्म किया।पीड़ित रोता चिल्लाता जब शाम को घर आया तो उसने पूरी बात परिवार को बतायी।जिसके सम्बन्ध में थाना को नगर में 3/4 पॉक्सो एक्ट बनाम मो जमाल उपरोक्त के विरुद्ध पंजीकृत किया गया । मुकदमा न्यायालय पास्को अदालत पर विचाराधीन दिन चल रहा था।न्यायाधीश द्वारा दोनों पक्षो की बहस सुनने के उपरांत आरोपी जमाल को 20 वर्ष का कारावास तथा 20000 रुपये की सजा सुनायी गयी।

पुलिस द्वारा गोकशी में शामिल तीन अन्य आरोपी गिरफ्तार



जरवलरोड बहराइच।थाना क्षेत्र में गौ हत्या कर सनसनी फैलाने वाले तीन और आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। अब तक कुल पांच लोग इस मामले में गिरफ्तार किए जा चुके हैं जबकि एक अन्य आरोपी अभी भी फरार है। जिसकी तलाश जारी है। जरवल रोड थाना क्षेत्र अंतर्गत धनसरी गांव में बीते मंगलवार को गेहूं व गन्ने के खेत में गोवध की घटना हुई थी। घटना के बाद क्षेत्र में तनाव की स्थिति बनी थी। पुलिस कप्तान राम नयन सिंह ने तत्कालीन थाना प्रभारी को निलंबित कर खुलासे के लिए टीमें गठित की थी। पुलिस टीम ने गोवध में शामिल आरोपी हरचंदा निवासी अशरफ व जरवल कस्बा निवासी सूफियान को शनिवार तड़के सुबह मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया था जबकि चार अन्य आरोपी फरार थे। रविवार को घटना में शामिल तीन अन्य आरोपी ताहिर पुत्र बसीर निवासी ग्राम कमालपुर थाना करनैलगंज जिला गोंडा, जुनैद पुत्र परवेज निवासी ग्राम भवानीपुरवा हंसना धवरिया व फैज पुत्र शरीफुल निवासी ग्राम हरचंदा थाना जरवल रोड जिला बहराइच को पुलिस टीम ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जरवल रोड थाना प्रभारी रमेश रावत ने बताया कि गौ हत्या मामले में अब तक पांच आरोपियों को जेल भेजा जा चुका है। वारदात में शामिल अभी एक आरोपी फरार है जिसकी तलाश तेजी से जारी है जल्द ही उसे भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

डीएम ने एडीएम के साथ किया कलेक्ट्रेट के विभिन्न पटलों का निरीक्षण



सिद्धार्थनगर।जिलाधिकारी डॉ0 राजागणपति आर0 द्वारा अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) गौरव कुमार श्रीवास्तव के साथ सोमवार को कलेक्ट्रेट के विभिन्न पटलो का निरीक्षण किया गया।निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी डॉ0 राजागणपति आर0 द्वारा सर्वप्रथम संयुक्त कार्यालय के विभिन्न पटलो को देखा गया।जिलाधिकारी ने वाद लिपिक से राजस्व वादों एवं हाईकोर्ट में विचाराधीन वादों के बारे में जानकारी प्राप्त किया।जन सूचना लिपिक से सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के प्रकरणों के बारे में जानकारी प्राप्त किया तथा आरटीआई रजिस्टर को देखा।जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि जिस विभाग का प्रकरण हो उस विभाग को पत्र भेजकर समय से सूचना उपलब्ध करायें। जिलाधिकारी द्वारा राजस्व अभिलेखागार, आंग्ल अभिलेखागार, जूडीशियल अभिलेखागार, आपदा कार्यालय, एलआरसी कक्ष, उपजिलाधिकारी न्यायिक कक्ष, प्रोबेशन कार्यालय आदि का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने एलआरसी को निर्देश दिया कि कृषक दुर्घटना बीमा योजना का कोई भी प्रकरण लम्बित न रहे। कलेक्ट्रेट में स्थापित विभिन्न विभागो के कार्यालयाध्यक्षो को निर्देश देते हुए अपने कार्यालय की साफ-सफाई व्यवस्था ठीक करा लें तथा पत्रावलियों का रख-रखाव ठीक ढंग से करें। राजस्व अभिलेखागार में साफ-सफाई व्यवस्था तथा एलईडी ट्यूबलाइट एवं सीसीटीवी कैमरा लगाने का निर्देश दिया।जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट की रंगाई-पुताई कराने के लिए स्टीमेट तैयार कराने का निर्देश दिया।निरीक्षण के दौरान प्रशासनिक अधिकारी कलेक्ट्रेट रवेन्द्र श्रीवास्तव,नाजिर कलेक्ट्रट पुरूषोत्तम लाल श्रीवास्तव, तथा समस्त पटल सहायक आदि उपस्थित रहे।

विकास को गति देने के लिए विधायक की सराहना



सिद्धार्थनगर। शोहरतगढ विधानसभा क्षेत्र के विकास की गति को तेज रफ्तार देने के लिए शोहरतगढ विधायक विनय वर्मा सोमवार को शोहरतगढ़ तहसील से विधान सभा क्षेत्र में लगनें वाली मिनी हाईमास्ट लाइटो की गाड़ियों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किये।विधायक विनय वर्मा ने कहा कि शोहरतगढ तहसील अन्तर्गत शोहरतगढ विधान सभा क्षेत्र में विधायक विकास निधी वर्ष 2024-25 से कुल 103 मिनी हाईमास्ट लाइटें की कुल लागत 340.93 लाख रुपये से लगनी है। जिसके लिए जगह कों पहले से चयनित किया गया है। जिसमे शोहरतगढ विकास क्षेत्र में 31 जगहों पर और नगर पंचायत शोहरतगढ में 2 जगहों पर मिनी हाईमास्ट लाइटें लगेगा। इसी तरह से बढ़नी में 34 ,इटवा में 14,जोगिया में 8, नौगढ़ में 10, और बर्डपुर में 4 जगहों पर मिनी हाईमास्ट लाइटें लगनी है। जिससे विधान सभा क्षेत्र का मुख्य चौराहा,तिराहा व गांव-कस्बा मिनी हाईमास्ट लाइटो के दूधियां रोशनी से जगमगायेंगी। क्षेत्र का मेन रास्ता गांव व नगर के लोगों को बिजली तो बराबर मिलती ही है लेकिन जहां के रास्ते, गांव, कस्बे, गलियां रात के अंधेरे में सन्नाटा पसर जाता था अब वहां पर लाइटें लगनें से लोगों को सुगमता मिलेगी। शोहरतगढ विधायक विनय वर्मा ने कहा कि देश में मोदी और प्रदेश में योगी जी के डबल इंजन सरकार में विकास के गति की रफ्तार तेज हो रही है जो निरंतर इसी रफ्तार में चलती रहेगी और विकसित भारत संकल्प की सपना साकार होगी। गांव के अन्तिम व्यक्ति तक सरकार की महत्वपूर्ण योजना पहुंच रही है। विधान सभा क्षेत्र के कस्बा, गांव व नगरों में लोगों के मूलभूत सुविधाओं के लिए निरंतर प्रयास किया जा रहा है।इस दौरान उपजिलाधिकारी राहुल सिंह, तहसीलदार अजय कुमार, दुर्गा तिवारी, रामदास मौर्या, राजकुमार मोदनवाल, संजय कसौधन, हरीश वर्मा सहित काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

बहराइच महोत्सव में आयोजित हुआ आशा कार्यकर्त्ता सम्मेलन

उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किये गए स्वास्थ्य कार्यकर्त्ता छात्र-छात्राओं ने प्रस्तुत किये रंगारंग कार्यक्रम सूफी बैण्ड की प्रस्तुति ने बांधा समा

बहराइच। जनपद में आयोजित बहराइच महोत्सव के अंतर्गत सोमवार को आशा कार्यकर्त्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम में बेहतर कार्य करने वाली आशा कार्यकर्ताओं और आशा संगिनियों सहित स्वास्थ्य अधिकारियों को सम्मानित किया गया।यह सम्मान मुख्य रूप से संस्थागत प्रसव, परिवार नियोजन की स्थायी विधि, टीकाकरण और गृह आधारित नवजात शिशु देखभाल में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली आशाओं को प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया। यह पुरस्कार उनके मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार और जागरूकता बढ़ाने के प्रयासों को मान्यता देने के लिए प्रदान किया गया। इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि एमएलसी डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी रहीं। इसके अलावा, बलहा खंड विकास अधिकारी संदीप तिवारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी विनोद राय सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी इस अवसर पर उपस्थित रहे।डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी ने आशा कार्यकर्ताओं के साथ ही बेहतर कार्य करने वाले स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को भी सम्मानित किया, जिनमें जिला स्वास्थ्य एवं सूचना अधिकारी बृजेश सिंह, डीपीएम सरजू खान, डीसीपीएम मो. राशिद, यूपी टीएसयू के यशपाल मिश्रा, विशेश्वरगंज के बीसीपीएम धर्मेंद्र मिश्रा, तेजवापुर के बीसीपीएम रोहित वर्मा, पखरपुर के बीसीपीएम मो. शकील, अरुण मौर्या, चंद्रेश्वर पाठक, जेके चौबे और कामिनी शुक्ला शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, जनपद की तीन सर्वश्रेष्ठ आशा संगिनी-बलहा ब्लॉक की संजू वर्मा, पखरपुर की हेमवती सिंह और तेजवापुर की अर्चना देवी को भी सम्मानित किया गया।इस अवसर पर डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी ने कहा आशा कार्यकर्ता स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं को जमीनी स्तर पर पहुँचाने का बखूबी कार्य कर रही हैं, जिससे मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य में उल्लेखनीय सुधार देखने को मिल रहा है।

गालापुर मंदिर प्रांगण में नवनिर्मित भगवान शिव का किया गया जला वाश



सिद्धार्थनगर। तहसील इटवा एवं डुमरियागंज के मध्य में स्थित बड़वासनी महाकाली मंदिर के प्रांगण में नवनिर्मित भगवान भोलेनाथ के मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा तथा रुद्र महायज्ञ चल रहा है मैं भगवान भोलेनाथ का दर्शन कल जल से स्नान कराया गया तथा रात भर उन्हें जल में रखा गया वैदिक विद्वानों द्वारा मंत्र उपचार के बीच सरकार संपन्न हुआ 2000 वर्ष पुराने इस मंदिर में भगवान शिव का स्थापना नहीं हुआ था हाल ही में शिव मंदिर बनकर तैयार हुआ जहां प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम चल रहा है प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में रुद्र महायज्ञ का भी आयोजन हुआ है सुबह शाम वैदिक मंत्र उपचार के बीच पूजन अर्चन हो रहा है इस दौरान संजीव कुमार सिंह ,विनोद मिश्रा, मोनू मौर्य ,श्यामू ,सुनील ,राहुल गुप्ता ,नींबूलाल ,मुरली सोनी, सुग्रीव विश्वकर्मा ,राजमान यादव, पारस यादव ,राम तीरथ यादव, राजू यादव, सदानंद सहित स्थान व्यवस्थापक ठाकुर प्रसाद मिश्र उपस्थित रहे थे।भक्तों के ऊपर अपनी कृपा बरसाते हैं भोलेनाथ।शास्त्री गालापुर महाकाली स्थान के प्रांगण में चल रहे रुद्रामहायज्ञ मैं अयोध्या से पधारे कठवक्ता राकेश शास्त्री ने कहा कि भगवान भोलेनाथ अपनी कृपा बरसाते हैं बसे सच्ची श्रद्धा के साथ लोग उनकी आराधना करें उन्होंने आगे कहा कि लोगों को अपने धर्म से नहीं हटना चाहिए तो वही अयोध्या से ही पधारे कथा वक्ता बलराम दास शास्त्री ने शिव पार्वती विवाह का वर्णन किया।

एन एस एस के स्वयंसेवक/सेविकाओं सिद्धेश्वर समाज का उत्थान होता हैः पूर्व विधायक



आनंदनगर महाराजगंज। परमेश्वर सिंह मेमोरियल पीजी कॉलेज मथुरा नगर आनंदनगर के राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के अंतिम दिन शिविर स्थल प्राथमिक पाठशाला परशुरामपुर आनंद नगर में पीएसएम पीजी कॉलेज आनंदनगर के प्रबंधक पूर्व विधायक बजरंग बहादुर सिंह ने बतौर मुख्य अतिथि स्वयंसेवक/ स्वीकारो को संबोधित करते हुए कहा की एन एस एस के स्वयंसेवक/ सेविकाओं से देश व समाज का उत्थान होता है। उन्होंने तीनों इकाई के स्वयंसेवक/ सेविकाओं के सात दूसरी शिविर के सफलता पर बधाई देते हुए सभी के उज्जवल भविष्य की कामना किया। विशिष्ट अतिथि डॉक्टर अभिमन्यू शर्मा ने बताया कि युवाओं को सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सेदारी लेनी चाहिए। दूसरे विशिष्ट अतिथि डॉक्टर संजय कुमार शर्मा ने राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्यों को आत्मसात करने को कहा। डॉक्टर मुरलीधर जायसवाल ने कहा कि जागरूक युवा ही देश को सकारात्मक दिशा दे सकता है। अध्यक्षता कर रहे विद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर अशोक भारतीय ने कहां की स्वयंसेवक/ सेविकाएं शिविर में सीखी हुई बात को आत्मसात कर समाज के बीच में प्रस्तुत करें। शिविर में स्वयंसेवक/ सेविकाओ ने प्रतिभाग किया है उनमें कात्यानी उपाध्याय, जसवीर राज, सलोनी, रंजन चौहान, प्रिया चौधरी ,उजाला गुप्ता, अर्चना गौड़ द्वारा विभिन्न संस्कृति एकांकी प्रेरणा स्रोत प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया गया। कार्यक्रम को कार्यक्रम अधिकारी श्री दयाल वर्मा ने संबोधित कर साथ दिवसीय शिविर के विभिन्न पहलुओं को बताया। कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर दिनेश पटेल ने किया।

जनपद में आज से प्रारम्भ होगा खाद्यान्न का वितरण

बहराइच।जिला पूर्ति अधिकारी ने बताया कि जनपद के समस्त अन्त्योदय अन्न योजना तथा पात्र गृहस्थी योजना के कार्डधारकों को माह मार्च में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजनान्तर्गत नियमित वितरण का कार्य 11 से 25 मार्च तक होगा। अन्त्योदय अन्न योजना के कार्डधारकों को प्रति राशन कार्ड 35 कि.ग्रा. खाद्यान्न (21 कि.ग्रा. चावल 14 कि.ग्रा. गेहॅू) तथा पात्र गृहस्थी योजना कार्डधारकों को प्रति यूनिट 05 कि.ग्रा. खाद्यान्न (03 कि.ग्रा. चावल तथा 02 कि.ग्रा. गेहॅू) का वितरण निःशुल्क किया जायेगा।इसके अतिरिक्त अन्त्योदय राशन कार्डधारकों को त्रैमास जनवरी, फरवरी व मार्च 2025 हेतु आवंटित चीनी का वितरण 03 किग्रा. चीनी प्रति कार्ड रू. 18 प्रति किग्रा की दर से (अर्थात रू. 54 में 03 किग्रा.) वितरण किया जायेगा।डीएसओ ने बताया कि वितरण की अन्तिम तिथि 25 मार्च को आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से आवश्यक वस्तुएं प्राप्त न कर सकने वाले उपभोक्ताओं को मोबाइल ओ.टी.पी. वेरीफिकेशन के माध्यम से खाद्यान्न का निःशुल्क वितरण किया जायेगा।अनियमितता की शिकायत प्राप्त होती है तो सम्बन्धित के विरूद्ध नियमानुसार कठोर कार्यवाही अमल में लायी जाएगी।

लक्ष्य निर्धारित कर करें कार्यः राम प्रकाश सिंह

विभिन्न विकास कार्यों व योजनाओं की जानकारी देकर मांगा गया प्रस्ताव



आनंदनगर ,महाराजगंज ।क्षेत्र पंचायत फरेंदा की बैठक ब्लाक सभागार में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता ब्लाक प्रमुख मनीषा देवी ने किया।संचालन खंड विकास अधिकारी फरेन्दा के के शुक्ला ने किया। बैठक के मुख्य अतिथि पूर्व ब्लाक प्रमुख राम प्रकाश सिंह रहे।बैठक में क्षेत्र पंचायत फरेंदा के सभी ग्राम पंचायत के विकास कार्यों पर विस्तार पूर्वक चर्चा किया गया।बैठक में आंगनवाड़ी, स्वास्थ्य विभाग, विकास कार्य एवं स्वच्छ भारत मिशन सफाई व्यवस्था पर ग्राम प्रधान रघुनाथ सिंह द्वारा तमाम प्रश्न पूछे गए जिसका निस्तारण ब्लॉक प्रमुख व वीडियो फरेंदा ने किया। ग्राम पंचायत एवं क्षेत्र पंचायत के विकास कार्यों पर विस्तार पूर्वक ग्राम प्रधान व क्षेत्र पंचायत सदस्यों द्वारा प्रमुख व वीडियो से प्रश्न किया गया जिसका उत्तर ब्लॉक प्रमुख व बीडिओ द्वारा दिया गया।बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि पूर्व ब्लॉक प्रमुख राम प्रकाश सिंह ने कहा कि क्षेत्र पंचायत फरेंदा में विकास की एक लंबी रेखा विगत 20 वर्षों से खींची गई है।उन्होंने कहा कि सभी लोग अपने क्षेत्र में लक्ष्य निर्धारित कर कार्य करें और शासन द्वारा जनहित की योजनाओं को अधिक से अधिक अपने क्षेत्र की जनता को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से सक्रिय भूमिका निभाये।बैठक की अध्यक्षता कर रही ब्लॉक प्रमुख मनीषा देवी ने कहा कि क्षेत्र पंचायत फरेंदा में सभी जनप्रतिनिधि आपसी सौहार्द के साथ विकास को गति देते हुए एक कीर्तिमान स्थापित कर रहे हैं। उन्होंने बैठक में उपस्थित सभी ग्राम प्रधान व क्षेत्र पंचायत सदस्य सहित सभी कर्मचारियों के प्रति आभार जताते हुए कृतज्ञता व्यक्त किया। बैठक का संचालन कर रहे वीडियो के के शुक्ला ने कहा कि बैठक में जो प्रस्ताव ग्राम प्रधान व क्षेत्र पंचायत सदस्यों द्वारा लाया गया है उस पर त्वरित गति से कार्य किया जाएगा। बैठक के अंत में सेवानिवृत्ति वरिष्ठ लेखाकार हरेंद्र दूबे को विदाई दिया गया इस दौरान उनका माल्यार्पण कर उन्हें जीवन उपयोगी उपहार भेंट किया गया। अंत में पवित्र होली पर्व को देखते हुए ब्लॉक प्रमुख एवं मुख्य अतिथि राम प्रकाश सिंह द्वारा सभी ग्राम प्रधान एवं क्षेत्र पंचायत सदस्यों को अबीर गुलाल लगाकर एक दूसरे को होली पर्व का बधाई दिया गया। बैठक में ग्राम प्रधान संघ के अध्यक्ष राम प्रताप यादव, रघुनाथ सिंह, गंगा यादव, चंद्र प्रकाश सिंह ,मनोज तिवारी उर्फ चंदन, साधु शरण साहनी, मनोज कुमार, धनंजय यादव, अमित रावण, महेंद्र कुमार ,सुनील चौरसिया,रामकुमार, विभूति पांडेय अभय शाही सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

गन्ना प्रजातियों के बारे में किसानों को किया जागरूक

जरवल रोड बहराइच। अमृत इंटर्नशिप प्रोग्राम मीट के अंतर्गत आईपीएल शुगर यूनिट जरवलरोड मे प्रधानमंत्री किसान समृद्धि केंद्र परिसर मे किसानों को गन्ने की बुवाई के बारे में नई-नई प्रजाति के बारे में अवगत कराया गया तथा किस प्रजाति को किस महीने में महीने में बुवाई करें इसके बारे में उपस्थित लोगों को आईपीएल चीनी मिल के प्रबंधक टी.एस. राणा द्वारा गन्ने के प्रजाति के बारे में बताया कि तथा 15023 के बुवाई पर जोर दिया गया यह यह प्रजाति फरवरी माह से लेकर अप्रैल माह के अंत तक किसान बुवाई कर सकते हैं आईपीएल चीनी मिल गन्ना प्रबंधक सी,पी. सिंह द्वारा 14201. 94184,98014 इन अलग-अलग प्रजाति के बारे में किसानों को जानकारी दी गई इस किसान गोष्ठी मैं आईपीएल चीनी मिल जरवलरोड टीएस, राणा, गन्ना प्रबंधक सी,पी सिंह आईपीएल फाउंडेशन की तरफ से श्री मुनीर एवं किसान भाई उपस्थित रहे।